Email : gcplparcity@gmail.com
☎ 02930-234600
कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पीपाड़ सिटी
पुलिसस्टेशन के सामने, खेजड़लारोड़ पीपाड़ शहर, 342601 जिला–जोधपुर

दिनांक : 19/11/2020

आवश्यक सूचना

महाविद्यालय की समस्त नियमित छात्राओं को सूचित किया जाता है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन, (अम्बेडकर पीठ) द्वारा 26 नवम्बर, 2020 (संविधान दिवस) को **"डॉ. भीमराव अम्बेडकर : सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत"** विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इसमें महाविद्यालय की समस्त नियमित छात्राएं भाग ले सकती है।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नियम निम्नानुसार है –

1. प्रतियोगिता का विषय "डॉ. भीमराव अम्बेडकर : सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत" होगा।
2. प्रतियोगिता के समय छात्र संदर्भ का उपयोग कर सकेंगे।
3. निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का समय 1 घण्टा होगा एवं निबन्ध लेखन की शब्द सीमा 1000 शब्द (लगभग 6 पेज) होगी।
4. प्रतिभागी उत्तर पुस्तिका के कवर पेज पर (i) महाविद्यालय का नाम (ii) जिले का नाम (iii) प्रतिभागी का नाम (iv) पिता का नाम (v) स्वयं/अभिभावक के मोबाइल नम्बर आवश्यक रूप से लिखें। उक्त सूचनाओं के अभाव में प्रतिभागी को प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।
5. प्रत्येक जिला मुख्यालय के प्रथम तीन छात्रों को क्रमशः रू 5100/- (प्रथम), रूपये 3100/- (द्वितीय) तथा रूपये 2100/- (तृतीय) की राशि से पुरस्कृत किया जायेगा।
6. सभी प्रतिभागी यह सुनिश्चित करें कि उक्त विषय पर स्पष्ट शब्दों में हस्तलिखित निबन्ध लिखकर डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) मूंडला, जयपुर की ई–मेल आईडी **secretaryapj@gmail.com** पर दिनांक 26.11.2020 रात्रि 12.00 बजे तक प्रेषित करें। विलम्ब से प्राप्त निबन्धों को प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।
7. राज्य स्तर पर प्रथम तीन स्थानों पर रहे छात्रों को क्रमशः रू 51000/- (प्रथम), रूपये 31000/- (द्वितीय) तथा रूपये 11000/- (तृतीय) की राशि 14 अप्रेल, 2021 को राज्य स्तरीय समारोह में अम्बेडकर पीठ मूण्डला में पुरस्कृत की जायेगी।

प्राचार्य,
राजकीय कन्या महाविद्यालय,
पीपाड़ शहर

Scanned with CamScanner